# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बांदा वन प्रभाग, बांदा।

**पत्रांक 3433 / 33–1 दिनांकः बांदाः मईः •7 , 2022**

सेवा में,

परियोजना प्रबन्धक,
अस्थाई निर्माण इकाई,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
चित्रकूट।

विषय – जनपद बांदा में उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत बांदा–बबेरू रोड, बांदा–चिल्ला रोड, बांदा–अतर्रा रोड, बांदा–नरैनी रोड, बांदा–ओरन रोड, पलरा–नरैनी रोड, बांदा–तिन्दवारी रोड, पिपरहरी मोड से अमलोर मोड़ में अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल पाईप लाईन बिछाने हेतु प्रभावित 10.555675 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 228 वृक्षों/पौधों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ :– पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ का पत्रांक- 8बी/यू0पी0/08/266/2021/एफ0सी0/69 दिनांक 02.05.2022

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि विषयांकित परियोजना हेतु 10.555675 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग से सम्बन्धित प्रस्ताव में **उप वन महानिरीक्षक, केन्द्रीय, लखनऊ** के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा कतिपय शर्तों के साथ सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त सभी शर्तों की अनुपालन आख्या बिन्दुवार मय संलग्नक के इस कार्यालय को प्रेषित करें। उक्त शर्तों के **शर्त संख्या–3** के अन्तर्गत प्रभावित संरक्षित वनभूमि **10.555675 हे0** के गैर वानिकी प्रयोग के स्थान पर 24200 वृक्षों का वृक्षारोपण एवं 10 वर्षों के अनुरक्षण सहित आगणित **धनराशि रू0–13857300.00 (एक करोड़ अड़तीस लाख सत्तावन हजार तीन सौ)** मात्र व **शर्त संख्या–4** के अन्तर्गत प्रभावित संरक्षित वन भूमि 10.555675 हे0 की **एन0पी0वी0 आगणित धनराशि रू0–10110014.00 (एक करोड़ एक लाख दस हजार चौदह)** मात्र कुल **धनराशि रू0–23967314.00 (दो करोड़ उन्तालीस लाख सरसठ हजार तीन सौ चौदह रूपये)** मात्र को संलग्न पत्र दिनांक 02.05.2022 के अनुसार ई–पेमेंट पोर्टल के माध्यम से कैम्पा, नई दिल्ली में जमा करा कर जमा पर्ची की मूल प्रति इस कार्यालय को प्रेषित करे, जिससे अग्रिम कार्यवाही की जा सकें।

**बिन्दु संख्या–03 व 04 का आंगणन निम्न प्रकार है:–**

**बिन्दु संख्या–03** प्रस्तावित संरक्षित वन भूमि 10.555675 के गैर वानिकी प्रयोग के स्थान पर 24200 वृक्षों का वृक्षारोपण एवं 10 वर्षों के अनुरक्षण सहित आगणित **धनराशि रू0–13857300.00 (एक करोड़ अड़तीस लाख सत्तावन हजार तीन सौ) मात्र** होती है।

**बिन्दु संख्या–04** के अन्तर्गत प्रस्तावित संरक्षित वन भूमि 10.555675 हे0 की एन0पी0वी0 आगणित धनराशि 10.555675X957780=10110014.00 **(एक करोड़ एक लाख दस हजार चौदह) मात्र** होती है।

भवदीय,

07.5.22
(संजय अग्रवाल)
प्रभागीय वनाधिकारी
बांदा वन प्रभाग, बांदा।

पृष्ठांक /त्र/सम् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को उपरोक्त के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ।
2– वन संरक्षक, चित्रकूटधाम वृत्त, बांदा।